साप्ताहिक

# नीमच हेडलाइंस

डाक पंजीयन क्रमांक मंदसौर 407/2025-27
पंजीयन क्रमांक- MPHIN/2018/76962

संस्थापक- स्व.इंद्रदेव जी जाजपुरा    प्रधान सम्पादक - अविनाश जाजपुरा

वर्ष - 08    अंक- 14    नीमच, बुधवार 24 से 30 सितम्बर 2025 तक    कुल पृष्ठ - 08    मूल्य - 5 रू

ISO 9001:2015 CERTIFIED

आप सभी को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ

## महाराष्ट्र से पकड़ा गया डेढ़ साल से फरार नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी

**5000 रुपये का इनाम घोषित था**



नीमच ज़िले के बघाना थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में फरार चल रहे आरोपी को आखिरकार पुलिस ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया है। यह आरोपी करीब डेढ़ साल से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5000 रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। बघाना थाने में 23 अप्रैल 2022 को एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर लिया गया है। मामला दर्ज होते ही पुलिस ने जांच शुरू की। तकनीकी और साइबर टीम की मदद से पीड़िता का लोकेशन ट्रेस किया गया और उसे राजस्थान के अलवर ज़िले के बाणसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत काना वाली ढाणी से बरामद किया गया। पीड़िता उस समय नरेश कुमार कश्यप नामक युवक के मकान में पाई गई। पीड़िता के मेडिकल परीक्षण में दुष्कर्म की पुष्टि हुई, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ अपहरण और दुष्कर्म सहित पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### आरोपी लगातार पुलिस को दे रहा था चकमा

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया। थाना प्रभारी निरीक्षक नीलेश अवस्थी के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी के घर पर पांच बार दबिश दी, लेकिन हर बार वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। लगातार नाकामी के बाद पुलिस ने साइबर सेल की मदद ली। तकनीकी विश्लेषण और लोकेशन ट्रैकिंग के आधार पर पता चला कि आरोपी महाराष्ट्र के कोल्हापुर ज़िले के इचलकरंजी इलाके में छिपा हुआ है। इस सूचना पर बघाना पुलिस ने दबिश दी और आखिरकार 22 वर्षीय आरोपी नरेश उर्फ नरेश कुमार को पकड़ लिया।

### पुलिस टीम की बड़ी सफलता

आरोपी को सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नीलेश अवस्थी, उपनिरीक्षक रामकिशन सिंघावत और साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रंगारंग और भव्य रोटरी डायमंड डांडिया महोत्सव की शुरुआत

**25 ग्रुप ने दी गरबा की प्रस्तुति, दो अक्टूबर तक चलेगा कार्यक्रम**








नीमच में इस वर्ष भी रंगारंग और भव्य रोटरी डायमंड डांडिया महोत्सव की शुरुआत हो गई है। पहले ही दिन से इसका उत्साह चरम पर दिखाई दिया और वातावरण बिल्कुल गुजरात के पारंपरिक गरबा की याद दिलाने वाला था। आयोजन के पहले दिन 25 से अधिक ग्रुप्स ने मनमोहक गरबा प्रस्तुतियां दीं। शाम ढलने के साथ ही पूरा परिसर रंगीन रोशनी, पारंपरिक परिधानों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से जीवंत हो उठा। देर रात तक गरबा की लय और डांडिया की ताल पर लोग थिरकते नजर आए।

डांडिया महोत्सव के संयोजकों—हेमंत भंडारी, कमल मंगल, आशीष गर्ग, बामन बर्डी, दीपक मूंदड़ा और गौरव पाराशर—ने बताया कि यह आयोजन लगातार पिछले दस वर्षों से बड़ी धूमधाम से हो रहा है। इस बार पहले ही दिन का उत्साह अष्टमी और नवमी जैसा महसूस हुआ। लोगों की भीड़, उत्साह और ऊर्जा देखने लायक थी। आयोजन समिति के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, सचिव आशीष सैनी और कोषाध्यक्ष भुवनेश शर्मा ने जानकारी दी कि यह उत्सव 22 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक प्रतिदिन आयोजित होगा। नीमच ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गरबा प्रेमी इसमें शामिल हो रहे हैं। पहले दिन की घटस्थापना का लाभ अर्जुन और अमर सैनी परिवार को प्राप्त हुआ, जबकि आरती का लाभ प्रोफेसर एल.एन. शर्मा परिवार और उमेश शर्मा परिवार को मिला। आयोजन में सकल ब्राह्मण समाज, परशुराम मंदिर समिति, किलेश्वर मंदिर समिति, गौड़ ब्राह्मण समाज और लायंस क्लब के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ युवा और महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे नजर आए। माहौल में कहीं ढोल की थाप गूंज रही थी तो कहीं डीजे की ताल पर लोग झूम उठे। गरबा के घेरे में महिलाएं और पुरुष एक साथ नाचते हुए ऐसा अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहे थे, मानो पूरा नीमच गुजरात की संस्कृति में रंग गया हो। आगामी दिनों में भी इसी तरह विभिन्न ग्रुप अपनी प्रस्तुतियां देंगे और रोजाना हजारों की संख्या में लोग इस आयोजन का आनंद लेंगे। 2 अक्टूबर तक चलने वाला यह महोत्सव न केवल नीमच बल्कि पूरे अंचल के लिए एक आकर्षण का केंद्र बना रहेगा।

## समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर ने मालवा की वैष्णोदेवी भादवामाता के किए दर्शन, दिव्य मंदिर निर्माण का लिया जायजा

रामेश्वर नागदा





**नीमच**। शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर द्वारा मालवा की वैष्णोदेवी भादवमाता का दिव्य मंदिर निर्माण किया जा रहा है। माताजी के आशीर्वाद से ही मंदिर निर्माण का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। यह मंदिर देश का अनूठा मंदिर होगा। मंदिर की डिजाईन अन्य मंदिरों से हटकर तैयार की गई है। मंगलवार शाम को समाजसेवी माताजी के परम भक्त श्री अरोरा ने माताजी के दर्शन किए और मंदिर निर्माण का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भादवामाता का दिव्य मंदिर बनकर तैयार होगा और आम भक्तों को ठहरने व दर्शन करने के लिए काफी सुविधाएं होगी। आपको बता दे कि इस बार नवरात्रि 10 दिन की है और देश पर के लाखों श्रद्धालु मालवा की वैष्णो देवी महामाया भादवामाता के दर्शन करने के लिए उमड़ रहे हैं। ऐसे में प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी चाक चौबंद नजर आ रही है। वही मंदिर परिसर के अंदर कार्यालय की व्यवस्था भी की गई है। मंदिर कार्यालय प्रशासक और अनुविभागीय अधिकारी संजीव साहू समय-समय पर भादवामाता मंदिर की व्यवस्थाओं का जायजा भी ले रहे हैं।

## रामनिवास सेन ने नेशनल आर्टिस्ट चैम्पियनशिप में जीता मेडल

### पिपलियामंडी सहित मंदसौर जिले का नाम किया रोशन



ब्यूरो रिपोर्ट- निखिल सोनी

**मंदसौर।** इंदौर के फिनिक्स सिटाडेल मॉल में आयोजित नेशनल आर्टिस्ट चैम्पियनशिप में मंदसौर जिले के पिपलियामंडी के रामनिवास सेन ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। देशभर से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने फेसियल, मेकअप, हेयरकट, नेल आर्ट आदि कैटेगरी में भाग लिया। हेयरकट कैटेगरी में रामनिवास सेन ने अपनी बेहतरीन कला से निर्णायकों और दर्शकों का दिल जीत लिया। सम्मान समारोह में मुंबई के हेयर आर्टिस्ट हरीश भाटिया ने उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद हेमा मालिनी, अभिनेत्री नीलू वाघेला और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल भी मौजूद रहे। रामनिवास की इस उपलब्धि पर परिवार, मित्रों और नगरवासियों ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आबकारी विभाग ने जिले में 76,585 रूपए की अवैध शराब व सामग्री जप्त

ब्यूरो रिपोर्ट- निखिल सोनी

**मंदसौर।** जिला आबकारी अधिकारी श्री रामहंस पचौरी के निर्देशानुसार आबकारी विभाग के उप निरीक्षक कर्मेन्द्र सावले द्वारा अवैध शराब विक्रय, भंडारण, परिवहन, निर्माण के विरुद्ध के कारवाही करते हुए ग्राम कुचडोद बोलिया मार्ग पर 20 सितम्बर को बनवारी उर्फ गोलू पिता सुरेश कलाल उम्र 29 वर्ष निवासी कुचडोद के कब्जे से बिना नम्बर की मोटरसाइकिल पर दो बड़े कट्टो में 4 पेटी प्लेन मदिरा व 2 पेटी बीयर मदिरा ले जाते हुआ बरामद की। जप्त मदिरा व वाहन का मूल्य लगभग 70,000 रुपए है। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश




आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजा गया। वही पवित्र क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध सतत जारी साप्ताहिक कार्यवाही में इंद्रानगर से नरेन्द्र पिता लक्ष्मीनारायण से 12 पाव प्लेन देशी मदिरा, सीतामऊ फाटक से विजय मोई पिता मोहनलाल से 18 पाव प्लेन देशी मदिरा, अभिनंदन नगर से बंकट हप्पा पिता भवान जी धनगर से 21 पाव प्लेन देशी मदिरा, अभिनंदन नगर से वीरेंद्र पिता कैलाश चन्द्र 15 पाव प्लेन देशी मदिरा, सीतामऊ फाटक से विनोद पिता पारुमल से 8 बियर केन व 9 पाव प्लेन देशी मदिरा के साथ कुल 5 आरोपी को पवित्र क्षेत्र मंदसौर में अवैध शराब बेचते हुए पकड़ कर आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत गिरफ्तार करके प्रकरण पंजीबद किए गए। उक्त पांचों प्रकरणों में जप्त शराब का मूल्य लगभग 6585 हैं।

### सर्पदंश से बचाव एवं प्राथमिक उपचार संबंधी जानकारी : चिकित्सकों की अपील

**नीमच।** वर्षा ऋतु एवं खेतों में कामकाज के समय अक्सर सर्पदंश की घटनाएँ बढ़ जाती हैं। इस गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकों ने नागरिकों से सर्पदंश से बचाव एवं प्राथमिक उपचार के संबंध में सावधानी बरतने की अपील की है। चिकित्सीय विशेषज्ञों के अनुसार सर्पदंश की स्थिति में घबराने की बजाय तुरंत सही कदम उठाना जीवनरक्षक साबित होता है। सावधानियां एवं बचाव के उपाय 1. खेत, झाड़ियों, अंधेरी जगहों एवं कच्चे घरों में जाते समय सतर्क रहें। 2. रात में बाहर निकलते समय टॉर्च का प्रयोग करें। 3. खेतों में कार्य करते समय ऊँचे जूते, पूरी बाजू के कपड़े पहनें। 4. घर के आसपास की झाड़ियों, घास-फूस और कचरे को साफ रखें। सर्पदंश होने पर क्या करें 1. तुरंत मरीज को शांत रखें, ज्यादा हिलने-डुलने से बचाएँ। 2. दंश वाले स्थान को न हिलाएँ और न कसकर बाँधें। 3. दंश स्थल

## तेज रफ्तार ट्रक का कहर : मोपेड सवार बुजुर्ग को 100 मीटर तक घसीटा, मौके पर मौत

### 100 मीटर तक मौत की घसीट : ट्रक की टक्कर से मोपेड सवार बुजुर्ग की दर्दनाक मौत

**मंदसौर।** जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के पिपल्या जोधा रोड पर शुक्रवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। नापाखेड़ा से बिल्लौद मार्ग पर आ रहे तेज रफ्तार ट्रक (क्रमांक RJ 09 GB 6685) ने मोपेड सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक मोपेड और सवार को करीब 100 मीटर तक घसीटता ले गया। हादसे में पिपल्या जोधा निवासी कन्हैयालाल डांगी (60 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें मंदसौर जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। नाहरगढ़ टीआई वरुण तिवारी ने बताया कि घटना में शामिल ट्रक जब्त कर लिया गया है और






आरोपी चालक नितेश माली (25), निवासी ग्राम लदुना, थाना सीतामऊ को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मल्हारगढ़ पुलिस ने अंतर्राज्यीय अफीम तस्कर से 9 किलो 100 ग्राम अफीम जब्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार




ब्यूरो रिपोर्ट- निखिल सोनी


**मंदसौर।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन में मल्हारगढ़ थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय अफीम तस्कर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी सत्यनारायण पिता लक्ष्मीनारायण बैरागी (उम्र 45 वर्ष), निवासी गिरदोडी, थाना रंठाजना जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान) को भैंसाखेड़ा फंटा, जीरन रोड के पास पकड़ा गया। तस्कर ट्रैक्टर क्रमांक RJ -09 -R- 6635 मय ट्रॉली के डीजल टैंक में स्किम बनाकर अफीम छिपाकर ले जा रहा था। पुलिस ने मौके से 9 किलो 100 ग्राम अफीम (कीमत लगभग 18 लाख रुपये) एवं ट्रैक्टर (कीमत करीब 5 लाख रुपये) जब्त किया। यह कार्रवाई एएसपी तेरसिंह बघेल, एसडीओपी मल्हारगढ़ श्रीमती कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र कुमार पवार के नेतृत्व में की गई। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आगे की विवेचना की जा रही है।

## सेना में लेफ्टिनेंट बनेगी नीमच की बेटी,ग्राम बिसलवास खुर्द की शिवानी नागदा का NDA में चयन

नीमच विधानसभा के ग्राम बिसलवास खुर्द की बेटी शिवानी नागदा का भारतीय सेना में अफसर के लिए चयन हुआ है। नीमच जिले की पहली महिला होगी लेफ्टिनेंट बनेगी। शिवानी नागदा ने भारतीय सेना की परीक्षा NDA में चयनित होकर समूचे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 18 वर्षीय शिवानी ने प्रतिष्ठित NDA (UPSC) परीक्षा एवं SSB इंटरव्यू दोनों को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर लिया है और अब वे 3 वर्ष की ट्रेनिंग पूर्ण करने के बाद भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनेगी। यह गौरव की बात है कि शिवानी नागदा नीमच जिले की कम उम्र में पहली महिला अफसर बनेगी। जिनका चयन भारतीय सेना मे हुआ है।

### कई परीक्षा की पास

शिवानी का शौर्य केवल NDA तक सीमित नहीं है।




उन्होंने देश की अत्यंत प्रतिष्ठित परीक्षा IIT JEE में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 9050 प्राप्त की थी। परंतु सेना में सेवा का सपना लेकर उन्होंने IIT छोड़कर NDA की राह चुनी और पहले ही प्रयास में चयनित होकर यह सिद्ध किया कि संकल्प और परिश्रम से कोई भी लक्ष्य दूर नहीं।



## स्टेशन रोड के रहवासी किया विरोध -सड़क पर दिया धरना

**नीमच।** बघाना में बनाए जा रहे रेलवे ओवर ब्रिज को लेकर भारी विरोध शुरू हो गया है। इस ब्रिज की नई ड्राइंग से स्टेशन रोड के करीब 500 परिवार तबाह हो रहे हैं और हजारों लोग बेरोजगार हो जाएंगे। ब्रिज का तगड़ा विरोध शुरू हो गया है। स्टेशन रोड रहवासियों ने पहले गणेश मंदिर पर बैठक की और बाद में स्टेशन रोड पर जाम लगाकर धरना दिया। स्टेशन रोड रहवासी संघ के नेता समीप चौधरी ने कहा पुरानी ड्राइंग को दरकिनार कर नया नई ड्राइंग बनाई गई है जिससे स्टेशन रोड के 500 परिवार तबाह हो रहे हैं। भारी तोडफोड़ होगी और रोजगार छीन जाएगा। हमारे नेता सोए हुए हैं, आखिर ड्राइंग कैसे चेंज हो गई। कुछ लोगो का फायदा पहुंचाने के लिए सैकड़ो लोगो को जीवन को प्रभावित नहीं कर सकते। हम ब्रिज का विरोध नही कर रहे हैं, ब्रिज बनाए पुरानी ड्राइंग से बनाए, जिससे स्टेशन रोड के रहवासी तबाह न हो।

### घंटो दिया धरना- किया जमकर विरोध

स्टेशन रोड रहवासियों ने दिनभर धरना दिया और धरने के बाद सभी ने तय किसी भी किसी सूरत में नए ड्राइंग से ब्रिज नहीं बनने देंगे। पुराने ड्राइंग के हिसाब से ही ब्रिज बनेगा तो आंदोलन होगा। रहवासियों ने कहा हम ब्रिज का विरोध नहीं कर रहे हैं लेकिन ड्राइंग क्यों बदली जा रही है। कुछ रसूखदार लोगो को फायदा पहुंचाने में 500 परिवारो को क्यों तबाह किया जा रहा है।



## नीमच आयुष शिविर में 40 रोगी लाभांवित



**नीमच** आयुष विंग नीमच द्वारा आंगनवाड़ी केन्द क्र.13 नीमच में पोषण पखवाड़ा मनाया और पोषण के बारे में जागरूकत किया। शरीर में खून की कमी के बारे में बताया। शिविर में कुल 40 रोगी लाभान्वित हुए। शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ.संध्या दाहिमा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ललिता मेहता ने सेवाएं दी।

# हिन्दी महोत्सव में 'कविताई' सम्पन्न

## मातृभाषा ने पुनः आरम्भ की शहर की समृद्ध गोष्ठी परम्परा

**इंदौर**। हिन्दी माह के दौरान हिन्दी महोत्सव 2025 के अंतर्गत मातृभाषा उन्नयन संस्थान द्वारा काव्य गोष्ठी 'कविताई' आरम्भ की गई। रविवार को महफ़िल रेस्टोरेंट में कविता पाठ कर परम्परा का शुभारंभ किया गया, जिसमें कवियों ने काव्य पाठ किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन 'अविचल' ने बताया कि 'गोष्ठी में सीखने और सुनाने का अवसर मिलता है, जिससे हमें जुड़ना चाहिए। हम अपने लोगों के बीच स्वयं को तैयार कर सकते हैं, और यह ज़मीन सदैव हिन्दी के लिए उन्नत रहती है।' 'कविताई' में पूजा राज, श्रीधरा पटेल, शिवम कुमार सिंह, आकाश यादव, पारस बिरला, डॉ. वासिफ़ क़ाज़ी, हर्षिता सेंगर, गौरी जोशी, पवन जोशी, सुधाकर मिश्रा, दामोदर वीरमाल, प्रतीक जांगीड़ आदि ने अपनी रचनाएँ सुनाईं। मातृभाषा उन्नयन संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नितेष गुप्ता ने सभी सहभागियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रिया मोरे व आभार डॉ. अरुण सिर्वीने व्यक्त किया।



## सिंगोली में आयुष चिकित्सा शिविर सपन्न




**नीमच** :स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा स्वस्थ नारी एवं सशक्त परिवार अभियान के तहत आयुष विभाग द्वारा शासकीय आयुर्वेद औषधालय थड़ोद द्वारा सिंगोली मे जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष बोरना के निर्देशन में निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, चर्म रोग उदर रोग,विबंध, श्वास,कास,प्रति शय, रक्त अल्पता, रक्तचाप,अर्श गैस अम्लपित्त साइटीका, हृदय प्रमेह,आदि बीमारियों की जांच कर निःशुल्क औषधियां वितरित की गई ।शिविर में बीपी, की निशुल्क जांच कर आवश्यक परामर्श के साथ औषधियां उपलब्ध कराई गई शिविर में कुल 107 रोगियों ने स्वास्थ्य का लाभ लिया । शिविर में डॉ. आर पी वर्मा, श्रीमति संजू कुमारी एवं श्री गोविन्द दास स्वामी ने अपनी सेवाएं दी।

# परिवहन विभाग द्वारा एक स्कूल वाहन का पंजीयन निरस्त एवं चालक का लाइसेंस भी निलंबित

**नीमच** : कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार जिला परिवहन विभाग की टीम ने शुक्रवार को सिंगोली में एक निजी विद्यालय के पास एक विद्यालय के वाहन की जाँच की।प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय वाहन (स्कूल बस) द्वारा पुल मरम्मत कार्य हेतु लगाए गए अवरोधक को पार कर बच्चों को ले जाया जा रहा था, जो सुरक्षा मानकों के विपरित है। निर्देशों का उल्लंघन करने पर जिला परिवहन अधिकारी नीमच द्वारा निजी विद्यालय के स्कूल वाहन का पंजीयन निरस्त कर , चालक का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किया है। आरटीओ ने विद्यालय प्रबंधन को चेतावनी दी है कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। संबंधित वाहन को तत्काल जब्त कर थाना सिंगोली की अभिरक्षा में रखा गया है। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को भी आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। यह जानकारी आरटीओ श्री नंदलाल गामड़ ने दी है।



# विधायक, कलेक्टर एवं एस.पी. ने भादवा माता में नवरात्रि मेला तैयारियों का जायजा लिया



**नीमच** जिले के सुप्रसिद्ध धार्मिक आस्था के केंद्र ,आरोग्य स्थल महामाया मां भादवा माताजी में सोमवार 22 सितम्बर 2025 से शारदीय नवरात्रि पर्व शुरू हो रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भादवामाता जी में नवरात्रि मेला आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में लाखों श्रद्धालु माताजी के दर्शन करने आएंगे। भादवामाता में आयोजित होने वाले नवरात्रि मेले में आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर रविवार को विधायक नीमच श्री दिलीपसिंह परिहार, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, एस.पी.श्री अंकित जायसवाल ने भादवा माता में मेला परिसर , माताजी के दर्शन करने आने वाले के रूट को देखा और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। नवरात्रि के दौरान पार्किंग व्यवस्था , मंदिर में दर्शन के लिए प्रवेश की व्यवस्था आदि विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।इस मौके पर संस्थान के एसडीएम श्री संजीव साहू,मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यगण एवं कर्मचारियों तथा श्रद्धालु उपस्थित थे। विधायक, कलेक्टर एवं एस.पी. ने भादवामाता मंदिर पर धर्म ध्वजा चढ़ाई और महाआरती में भी भाग लिया।

### मंदिर का परिचयः-

महामाया मां भादवा माता मंदिर नीमच जिला मुख्यालय से लगभग 18 किलोमीटर दूर ग्राम भादवा माता में स्थित है। यह मंदिर मालवा की वैष्णो देवी के नाम से प्रसिद्ध है और लगभग 800 साल पुराना है। मंदिर में देवी मां की मूर्ति अतिप्राचीन व चमत्कारी मानी जाती है।

### मंदिर की मान्यताएंः-

देवी मां के दर्शन मात्र से बड़े से बड़ा रोग ठीक हो जाता है।मंदिर परिसर में बनी बावड़ी के पानी से लकवा सहित गंभीर रोग ठीक हो जाते हैं।मंदिर में अखंड ज्योत प्रज्वलित है, जिसके दर्शन व पूजन का विशेष महत्व है।नवरात्रि के दौरान मंदिर में भव्य मेले का आयोजन होता है, जिसमें लाखों की संख्या में भक्त दर्शन करने आते हैं। नववर्ष पर भी मंदिर में विशेष आयोजन होते हैं और भक्तों की बड़ी संख्या में भीड़ जमा होती है।

### मंदिर की विशेषताएंः-

मंदिर परिसर में एक प्राचीन बावड़ी है, जिसका पानी चमत्कारी माना जाता है।मंदिर में देवी मां के चरणों में चांदी के बकरे व मुर्गे अर्पित किए जाते हैं।मंदिर को प्रसिद्ध आरोग्य स्थल के रूप में जाना जाता है, जहां भक्त अपने रोगों से मुक्ति पाने के लिए आते हैं।

# एल्बेंडाजोल की दवाई खिलवाए, बच्चों को कृमि से मुक्ति दिलवाए- सी.एम.एच.ओ.

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत तीन लाख से अधिक बच्चों दी जाएगी कृमिनाशन की दवाई

**नीमच** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर प्रत्येक बच्चें को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलवाकर कृमिनाशन किया जाना सुनिश्चित करे। यह अपील मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.आर.के.खद्योत ने 19 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों से की हैं। डॉ.खद्योत ने बताया,कि पूरे जिले में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का संचालन किया जा रहा है, इसके तहत प्रतिदिन प्रत्येक दिवस आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर स्वास्थ शिविर आयोजित किए जा रहे है। इसी कडी में 23 सितम्बर से पूरे जिले में कृमिमुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत लगभग 3 लाख बच्चों को एल्बेंडोजोल की खुराक स्कूल एवं आगंनवाडी में पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान की तैयारियां पूरी कर ली गई है। निर्धारित मात्रा में एल्बेंडाजोल की दवाईया स्कूल एवं आंगनवाडी में उपलब्ध करा दी गई है। स्कूल के नोडल शिक्षक, आंगनवाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, को प्रशिक्षण प्रदाय किया जा चुका है। डा.खद्योत ने बताया, कि समस्त शासकीय अशासकीय, अनुदान प्राप्त शालाओं, मदरसों, आंगनवाडी में दोपहर के मध्यान्ह भोजन के पश्चात उक्त खुराक बच्चों को दी जावेगी। एल्बेन्डोजोल की दवाई से पेट में पाई जाने वाली कृमि का खात्मा होगा तथा बच्चों का पढाई में अच्छे से मन लगेगा, इसके सेवन से बच्चों को एनिमिया से बचाव होगा।इस अभियान के दौरान यदि किसी भी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव होने पर डरे, नही कुछ समय के पश्चात यह स्वतः समाप्त हो जाता , फिर भी यदि आवश्यक लगे तो 108 पर कॉल किया जा सकता हैं। स्वस्थ नारी अभियान के तहत प्रजनन आयुवर्ग की महिलाओं में भी कृमि मुक्ति एंव एनिमिया से बचने के लिये एल्बेडाजोल की खुराक दी जावेगी। उक्त खुराक आशा कार्यकर्ता के माध्यम से हितग्राहियों के घर घर जाकर वितरित की जावेगी, जिले की लगभग पचास हजार से अधिक महिलाओं को उक्त खुराक दी जावेगी।

## सेवा पखवाड़ा के तहत अंकुर उपवनों की साफ सफाई

**नीमच** सेवा पखवाड़ा के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के नेतृत्व एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत रविवार को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण स्थलों ,अंकुर उपवनों की साफ सफाई और पौधों की निंदाई गुड़ाई कर एवं गैप फिलिंग के तहत पौधारोपण का कार्य किया गया।



# श्री सांवलियाजी भंडार की गिनती में 16.65 करोड़ रुपए प्राप्तः दूसरे राउंड में हुई 6.95 करोड़ रुपए की गिनती, सोने-चांदी का तौल बाकी



**नीमच।** मेवाड़ के कृष्णधाम श्री सांवलियाजी मंदिर में मंगलवार को भंडार की गिनती के दूसरे राउंड पूरे हुए। इसमें 6 करोड़ 95 लाख 50 हजार रुपए निकले। इससे पहले 20 सितम्बर को जब भंडार खोला गया था, तब पहले राउंड में 9 करोड़ 70 लाख रुपए गिने गए थे। अब तक दोनों राउंड मिलाकर कुल 16 करोड़ 65 लाख 50 हजार रुपए गिने जा चुके हैं।

## दो दिन नहीं हुई गणना, मंगलवार को हुआ दूसरा राउंड :-

हर महीने की परंपरा के अनुसार अमावस्या से पहले चतुर्दशी के दिन भंडार खोला जाता है। इस बार भी 20 सितम्बर को चतुर्दशी के मौके पर भंडार खोला गया था। पहले ही दिन गिनती में 9 करोड़ 70 लाख रुपए सामने आए। चेतक न्यूज अमावस्या के दिन मंदिर में भारी भीड़ रहती है, इसलिए उस दिन गिनती रोक दी गई। इसके बाद सोमवार को नवरात्रि स्थापना के कारण बैंक बंद थे। चूंकि गिनती बैंक अधिकारियों और मंदिर मंडल की निगरानी में होती है, इसलिए छुट्टी के दिन काम नहीं हो सका।

## सोने-चांदी का तौल होगा आखिरी दिन :-

मंगलवार को सुरक्षा व्यवस्था के बीच गिनती का दूसरा दौर शुरू किया गया। इस बार भी दान की बरसात देखने को मिली। गिनती पूरी होने पर 6 करोड़ 95 लाख 50 हजार रुपए का आंकड़ा सामने आया। अभी केवल नकदी की गिनती हो रही है। सोने-चांदी का तौल और ऑनलाइन माध्यम से आए रुपयों का गिनना बाकी है।इसलिए कुल दान का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। यह काम काउंटिंग के आखिरी दिन किया जाएगा। सांवलियाजी मंदिर का भंडार सिर्फ मेवाड़ ही नहीं, पूरे राजस्थान और देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। यहां हर रोज हजारों भक्त पहुंचते हैं। कोई अपनी श्रद्धा के अनुसार सिक्का चढ़ाता है तो कोई सोने-चांदी के गहने अर्पित कर देता है। भक्तों का मानना है कि सांवलियाजी के दरबार में माथा टेकने से मन की मुराद पूरी होती है और हर संकट दूर हो जाता है।

## कड़ी सुरक्षा में हो रही है काउंटिंग

गिनती के समय मंदिर परिसर में कड़ी सुरक्षा रहती है। हर जगह पुलिस, गार्ड तैनात रहते है और सीसीटीवी कैमरों की नजर में पूरी प्रक्रिया होती है। बैंक अधिकारी और मंदिर समिति के सदस्य लगातार निगरानी रखते हैं। इस बार नवरात्रि का समय भी साथ आ गया है। मंदिर परिसर में चारों ओर रौनक है। भजन-कीर्तन की गूंज और भक्तों की भीड़ ने वातावरण को और भी पावन बना दिया है।

# सेवा पखवाड़ा के तहत पौधा रोपण किया




नीमच : वनमण्डलाधिकारी, नीमच श्री एस.के. अटोदे के निर्देशन में नीमच जिले में वन विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत वनपरिक्षेत्र जावद की नीमच सिंगोली मार्ग पर, गौशाला के समीप स्थित बीट केवडिया के कक्ष क. पी-72 में रविवार को पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया वन विभाग द्वारा 2 अक्टूबर 2025 तक 2000 पौधा रोपण का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा वह अन्यजन प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।विधायक श्री सखलेचा, जनप्रतिनिधियों, उपवनमण्डलाधिकारी नीमच श्री दशरथ अखण्ड एवं रेंजर श्री विपुल प्रभात करोरिया एवं टीम ने पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर वन विभाग की ओर से श्री अंतिम हरित, परिक्षेत्र सहायक रतनगढ़, एवं वनरक्षक श्री दुर्लभसिंह राठौर बीट प्रभारी केवडिया, तथा अन्य स्टॉफ रेंज जावद तथा वनसमिति अध्यक्ष श्री रामदेव गुर्जर एवं समिति सदस्य श्री पप्पुलाल जी गुर्जर एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा, कि "पर्यावरण को स्वच्छ और हरित बनाने में जनभागीदारी आवश्यक हैं। गौरतलब हैं, कि सेवा पखवाडा 2 अक्टूबर तकआयोजित किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत पौधा रोपण किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने वृक्ष लगाओं, जीवन बचाओं" और "वृक्ष लगाओं, प्रकृति बचाओं का संदेश दिया और पर्यावरण सुरक्षा की शपथ ली।

## राकोदा ग्रामवासियों ने सीखे पानी की जाँच के तरीके

**मंदसौर।** वर्षाकाल में पानी में रासायनिक परिवर्तन होने से जलजनित बीमारियों के होने का अंदेशा बढ़ जाता है। इससे बचने के लिए एवं पेयजल व स्वच्छता की जनजागरूकता के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल गुणवत्ता परिक्षण एवं क्लोरिनेशन हेतु विशेष जल जागरूकता अभियान कलेक्टर श्रीमती गर्ग के निर्देशन मे चलाया जा रहा है, इसमे 17 सितंबर से प्रारम्भ स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत विभाग द्वारा कई प्रकार की गतिविधियाँ संपादित की जा रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित पेयजल स्त्रोतो का क्लोरिनेशन करने एवं जल स्त्रोतो से प्राप्त पानी का फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परिक्षण करने का प्रशिक्षण विभाग के मैदानी अमले द्वारा निरंतर दिया जा रहा है,

# मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (MACT) हेतु ऑनलाइन डैशबोर्ड का शुभारम्भ

**नीमच** : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA), नई दिल्ली द्वारा आज "Online Dashboard for Claimant Reimbursement & Deposit System for Motor Accident Claims Tribunal (MACT)" का शुभारम्भ किया गया। इसका उद्घाटन न्यायमूर्ति श्री सूर्यकांत, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष, NALSA द्वारा किया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति श्री जे.के.माहेश्वरी, माननीय न्यायमूर्ति श्री आलोक अराधे उपस्थित रहे। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय से मुख्य न्यायाधिपति श्री संजीव सचदेवा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय से न्यायमूर्ति श्री अतुल श्रीधरन, श्री विवेक रूसिया एवं श्री आनंद पाठक ने भी सहभागिता की। इस पोर्टल के माध्यम से मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (MACT) से संबंधित क्षतिपूर्ति राशि के जमा एवं भुगतान की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन हो सकेगी। अब पीड़ित पक्ष सीधे अपने दावे की स्थिति देख सकेंगे और क्षतिपूर्ति राशि समयबद्ध तरीके से सीधे बैंक खाते में प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल न्याय प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं जनसुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।उक्त उद्घाटन समारोह में नीमच जिला एवं तहसील स्तर पर पदस्थ सभी न्यायिक अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से सहभागिता की और इस नयी प्रणाली को अत्यंत महत्वपूर्ण व उपयोगी पहल बताया।नीमच जिला मुख्यालय पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री वीरेंद्र सिंह राजपूत की अध्यक्षता में समस्त न्यायाधीशगण जिला न्यायालय परिसर स्थित सभाकक्ष में इस कार्यक्रम से वर्चुअल रूप से जुड़े। इसके साथ ही तहसील न्यायालयों में पदस्थ न्यायाधीशगण भी ऑनलाइन माध्यम से इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। यह जानकारी जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार ने दी।

# ग्राम किरता के सुरेश शर्मा की सर्पदंश से मौत

ब्यूरो रिपोर्ट- सत्यनारायण सुथार

**जाट।** रतनगढ़ थानान्तर्गत पुलिस चौकी जाट के अंतर्गत आने वाले ग्राम किरता मे सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत हो गई। विस्तृत जानकारी के अनुसार मंगलवार रात्रि में सुरेश पिता मांगीलाल शर्मा ग्राम किरता तहसील सिंगोली टप्पा रतनगढ़, अपने फसल की रखवाली करने के लिए खेत पर गया था। जहां पर सुरेश को हाथ पर साप ने काट लिया जिसकी जानकारी उन्होंने तुरंत खेत से अपने घर आकर परिवार वालों को दी। परिजन उन्हें चित्तौड़ ईलाज के लिए ले गए जहां पर उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। चिकित्सा द्वारा पोस्टमार्टम के पश्चात शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया। बुधवार दोपहर सुरेश शर्मा का परिजनों द्वारा अपने गांव किरता में अंतिम संस्कार किया गया।

# संभागीय काज़ी का फरमान, गरबों में न जाये मुसलमान

**नीमच**! नीमच शहर शांति का टापू है यहां सभी धर्म सम्प्रदाय के लोग आपस मे मिल जुलकर रहते हैं , अभी त्योहारों का सीजन है सभी धर्म व समाज के लोग अपने अपने त्योहार शांति सद्भाव और हर्षोल्लास के साथ मनाएं, यह बात उज्जैन संभाग के काजी मौलाना अल्हाज हिदायतुल्लाह खान ने प्रेस नोट जारी कर कही, उन्होंने कहा कि नवरात्रि का पर्व शुरू हो चुका है, नवरात्रि पर्व को लेकर शहर में जगह जगह गरबा पंडाल सजे हैं जहां सनातन धर्म के धर्मालुओं द्वारा गरबा का आयोजन किया जा रहा है, श्री खान ने मुस्लिम युवाओं से अपील की है कि मुस्लिम युवा गरबा पंडालों में न जाये और मुस्लिम समाज जनो से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों को गरबा पंडालों में जाने से रोकें, जिससे कि शहर में सभी त्योहार शांति सद्भाव से मनाएं जाएं ,साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि मुस्लिम युवा रात को ईशा की नमाज के वक्त अपनी अपनी मस्जिदों इबादतगाहों में जाएं और और खुदा की इबादत करें। और मुल्क में अमन चैन शांति की दुआएं करें ससंभागीय काज़ी ने सभी शहरवासियों , समाजजनों को मुबारक बाद पेश की ।



# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से नीमच के मछुआरों की बढ़ी आमदनी

## मोटरसाइकिल विथ आइस बॉक्स, पेन कैचर और केज कल्चर से मछुआरा समितियां हो रहीं आर्थिक रूप से सक्षम

**नीमच** : प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) देशभर में मछुआरों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने और मत्स्य व्यवसाय को नई दिशा देने का काम कर रही है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश के नीमच जिले की विभिन्न मत्स्य सहकारी समितियां इस योजना का सीधा लाभ उठा रही हैं। इस योजना के तहत छोटे मछुआरों को मत्स्य परिवहन के लिए मोटरसाइकिल, तीन पहिया रिक्शा और साइकिल विथ आइस बॉक्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। केंद्र सरकार इन साधनों पर 40 से 60 प्रतिशत तक अनुदान देती है। इससे मछुआरे ताजा मछलियों को सुरक्षित रखकर बाजार में बेहतर दामों पर विक्रय कर पा रहे हैं। साथ ही बंद ऋतु के दौरान "बचत सह राहत योजना" के अंतर्गत पात्र मछुआरों को प्रतिवर्ष 3000 की आर्थिक सहायता सीधे बैंक खातों में दी जा रही है। नीमच जिले के रतनगढ़ क्षेत्र के नया पुराना डेम पर जय जोगणिया मत्स्य सहकारी समिति को इस योजना का बड़ा लाभ मिला है। समिति ने यहां पहली बार 2 पेन कैचर स्थापित किए हैं, वहीं जिले में नवाचार करते हुए 4 नए केज कल्चर की भी शुरुआत की गई है। इससे न सिर्फ मछली उत्पादन बढ़ा है बल्कि समितियों की आय और सदस्यों की आजीविका भी सुदृढ़ हुई है।जिला मत्स्य विभाग अधिकारी देवचंद शाह इनवाती ने बताया कि जिले के मछुआरों को योजना अंतर्गत मोटरसाइकिल और रिक्शा विथ आइस बॉक्स उपलब्ध कराए गए हैं। इससे मछुआरे मछलियों को सुरक्षित रखकर बाजार तक पहुंचा रहे हैं और अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर पा रहे हैं। साथ ही, पहली बार दो पेन कैचर इकाई और चार केज कल्चर की स्थापना कर जिले में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने की दिशा में कदम उठाया गया है। जय जोगणिया मत्स्य सहकारी समिति, मानपुरा के सचिव गोपाल दास ने बताया कि उन्हें 10 वर्षों के लिए नया पुराना तालाब मत्स्याखेट हेतु आवंटित हुआ है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत 2 हेक्टर क्षेत्र में पेन कैचर इकाई के लिए 3.60 लाख का अनुदान मिला। साथ ही केज कल्चर इकाइयों की स्थापना भी हुई है। इससे समिति को आर्थिक मजबूती मिली है। समिति के सदस्य मोतीलाल और शांतिलाल ने भी बताया कि उन्हें मोटरसाइकिल विथ आइस बॉक्स उपलब्ध कराया गया है। इसकी मदद से वे मछलियों का परिवहन व विक्रय आसानी से कर पा रहे हैं और मछलियां अच्छे दाम पर बिक रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना से उन्हें प्रत्यक्ष लाभ मिला है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के जरिए नीमच सहित देशभर के मछुआरों को आधुनिक संसाधन, परिवहन सुविधा और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार का लक्ष्य है कि इस योजना से मत्स्य उत्पादन, आय और रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके।



# आदि शक्ति को समर्पित शक्ति पर्व कल...माँ भादवा माता मंदिर प्रांगण में लोकगायन और नृत्य नाटिका की होंगी प्रस्तुतियाँ

**नीमच** : संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर "शक्ति पर्व" का आयोजन 22 सितंबर, 2025 को सायं 6.30 बजे से माँ भादवा माता मंदिर में किया जाएगा। इस प्रदेश स्तरीय महोत्सव में लोक-भक्ति गायन और आदि शक्ति को समर्पित नृत्य नाटिका के माध्यम से देवी के वैभव और महिमा को विभिन्न कला रूपों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।माँ भादवा की भक्ति में डूबे कलारसिकों के मध्य शाजापुर के दिनेश कुमार धौलपुरे लोकगायन की प्रस्तुति देकर सभा का आगाज करेंगे। इसके पश्चात उज्जैन की गार्गी आचार्य एवं साथी नृत्य नाटिका "महिषासुरमर्दिनी" के माध्यम से माता के शक्ति स्वरूप और धर्म की स्थापना की कथा को मंच पर जीवंत करेंगी। इस सुमधुर शाम का समापन भोपाल के शिवम नागर भक्ति गायन की प्रस्तुति देकर करेंगे।




# कार मे अवैध मादक पदार्थ 53 किलो 680 डोडाचूरा परिवहन करते तीन आरोपी गिरफ्तार...

## पुलिस चौकी कंजार्डा थाना मनासा की कार्यवाही

**नीमच हेडलाइन्स।** नीमच माननीय मुख्यमंत्री महोदय म.प्र. शासन व्दारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी एवं नशे के विरुध्द चलाये जा रहे प्रदेशव्यापी विशेष अभियान के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय नीमच श्री अंकित जायसवाल द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान व वाहन चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत आज पुलिस चौकी कंजार्डा थाना मनासा को बडी सफलता मिली है। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय नीमच श्री अंकित जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिह सिसोदिया, एसडीओपी सुश्री साबेरा अंसारी के निर्देशन में थाना प्रभारी मनासा शिव रघुवंशी के नेतृत्व मे पुलिस चौकी कंजार्डा टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की वेगेनार कार आरजे 05 सीए 3917 से अवैध मादक प्रदार्थ डोडाचूरा 53 किलो 680 ग्राम परिवहन करते आरोपीगण रामदेव पिता महावीर जाति लोहार उम्र 40 साल निवासी काबरिया थाना केकडी, गोविन्दसिह पिता जोगराजसिह राजपूत उम्र 35 साल निवासी देवली थाना देवली जिला टोंक व गणेशलाल पिता राजुराम धाकड उम्र 42 साल निवासी काबरिया थाना केकडी जिला अजमेर के कब्जे से जप्त किया जाकर गिरफ्तार किया गया। उक्त अवेध मादक पदार्थ तस्करी मे ओर कौन कौन लोग है उनके विरूद्ध भी कठोर कार्यवाही कि जा रही है।




# स्वच्छता ही सेवा अभियान शालाओं में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित



**नीमच** सेवा पखवाड़ा के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत ग्रामीण क्षेत्र की सभी शासकीय शालाओं में सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग सीमित करने /बंद करने के संबंध म छात्र-छात्राओं की निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जिला प्रशासन की इस पहल पर बच्चों द्वारा इन प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक भाग लेकर विभिन्न प्रकार की चित्रकला एवं निबंध के माध्यम से सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग सीमित करने ओर स्वच्छता पर अपने विचार , चित्रों एवं निबंध के माध्यम से अपने विचार अभिव्यक्त किए । शाला स्तरीय इन प्रतियोगिता के उत्कृष्ट विजेताओं को विकासखंड एवं जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा ।

## भवानी माता मंदिर में नगर परिषद मल्हारगढ़ ने किया स्वच्छता कैंपेन का शुभारंभ




**मंदसौर** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर परिषद मल्हारगढ़ द्वारा क्लीन ग्रीन उत्सव की शुरुआत भवानी माता मंदिर प्रांगण से की गई। इस अवसर पर इको फ्रेंडली सेलिब्रेशन एवं सस्टेनेबल आइडियल इमर्सन को बढ़ावा देने हेतु मंदिर परिसर की सफाई कर स्वच्छता कैंपेन का शुभारंभ किया गया। नगर के वार्ड क्रमांक 05 स्थित भवानी माता मंदिर में प्रतिदिन स्वच्छता गतिविधि के साथ 9 दिवसीय कार्यक्रम को पूर्ण रूप से इको फ्रेंडली बनाया जा रहा है। इसी क्रम में मिट्टी की मूर्ति की स्थापना की गई, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पर्व के दौरान साफ-सफाई एवं हरियाली पर जोर दिया जा रहा है।

## नीमच आयुष शिविर में 40 रोगी लाभांवित



**नीमच** आयुष विंग नीमच द्वारा आंगनवाड़ी केन्द क्र.13 नीमच में पोषण पखवाड़ा मनाया और पोषण के बारे में जागरूकता किया। शरीर में खून की कमी के बारे में बताया। शिविर में कुल 40 रोगी लाभान्वित हुए। शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ.संध्या दाहिमा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ललिता मेहता ने सेवाएं दी।

## मंदसौर बास्केटबॉल टीम बनी 50वीं सब जूनियर राज्य बास्केटबॉल चैंपियन

**मंदसौर** जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा द्वारा बताया गया कि मंदसौर की बास्केटबॉल टीम ने अपनी शानदार खेल शैली, मेहनत और टीमवर्क के दम पर 50 वीं सब जूनियर राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप का खिताब जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। टीम ने पुल मैचों में नीमच, देवास, गुना और ग्वालियर को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। क्वार्टर फाइनल में उज्जैन को, सेमीफाइनल में घरेलू टीम इंदौर एनबीए को मात दी और फाइनल में रोमांचक मुकाबले में इतिहास रच दिया। फाइनल मुकाबले में मंदसौर की टीम 17 अंकों से पिछड़ रही थी, लेकिन तीसरी तिमाही में रणनीतिक बदलाव के साथ शानदार वापसी करते हुए मात्र 1 अंक से जीत हासिल की। इस मुकाबले में कप्तान घनश्याम ने 17 अंक और निषिध पाटीदार ने 15 अंक अर्जित कर टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न

## कलेक्टर ने किया विद्यालय परिसर में पौधारोपण

**नीमच** पी.एम.श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 नीमच की विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम श्री संजीव साहू, प्राचार्य श्री एस.पी.ओला, श्री प्रियदर्शन गर्ग, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण श्री दुर्योधन सोलंकी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एम.एस.मांगरिया, प्रो.श्री राजेश मुजाल्दा, अभिभावक प्रतिनिधि श्रीमती प्रेरणा, विष्णु परिहार ठाकरे, श्रीमती प्रिया श्रीवास्तव, श्री दौलत सिह झाला, शिक्षिका सुश्री रेहाना मंसूरीसहित समिति के सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने निर्देश दिए, कि केंद्रीय विद्यालय की सभी कक्षाओं के सभी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत से अधिक रहे। ऐसे प्रयास किए जाए। समय-समय पर पेरेन्टस टीचर मीटिंग आयोजित कर विद्यार्थियों के अध्यापन कार्य, उपस्थिति आदि के संबंध में अभिभावकों को भी अवगत कराया जाए। मैथ, ओलम्पियाड, फिजिक्स ओल्पीयाड जैसी गतिविधियों में विद्यालय के अधिकाधिक विद्यार्थियों को प्रेरित कर शामिल करवाए। शाला में म्यूजिक क्लब गठित कर विद्यार्थियों को उनकी रूची अनुसार संगीत शिक्षा दिलाई जाए।

बैठक में कलेक्टर ने प्राचार्य से कहा , कि वे विद्यालय की आवश्यकताओं के लिए पृथक से मांग पत्र तैयार कर प्रस्तुत करें, जिससे उन पर उचित कार्यवाही कर आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके।




### एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय नीमच के परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। तदपश्चात माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। प्राचार्य एवं शिक्षकगणों तथा विद्यार्थिगणों ने अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य ने विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों की जानकारी दी व प्रगति प्रतिवेदन पर प्रजेन्टेंशन दिया। बैठक में अभिभावक प्रतिनिधि श्रीमती प्रेरणा ठाकरे, श्री दौलतसिह झाला ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय गरोठ की छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता से दिया स्वच्छता संदेश



**मंदसौर।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत "स्वच्छता ही सेवा है" अभियान के तहत नगर परिषद गरोठ में स्थित सांदीपनि विद्यालय गरोठ की छात्राओं ने स्वच्छता विषय पर आयोजित चित्रकला/रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने रचनात्मकता और सृजनात्मकता का परिचय देते हुए स्वच्छता का संदेश प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें रचनात्मक माध्यमों से स्वच्छता संदेश देने के लिए प्रोत्साहित करना था। छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली और चित्रों में साफ-सफाई, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ जीवनशैली के महत्व को दर्शाया गया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष उत्सव को लेकर ग्राम बड़ी में निकला प्रभावी संचलन

## सिंगोली की घोष वाहिनी ने शानदार घोषवादन किया

ब्यूरो रिपोर्ट- प्रदीप जैन
सिंगोली।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष उत्सव को लेकर सोमवार प्रातः ग्राम बड़ी में पहली बार विशाल पथ संचलन निकला। संचलन की शुरुआत सुबह 9 बजे हुई जो ग्राम के प्रमुख मार्गो से होकर निकला संचलन में सिंगोली की घोष वाहिनी ने भाग लिया ओर शानदार घोष वादन किया संचलन का ग्राम मे जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बड़ी ग्राम मे पहली बार निकले संचलन में खण्ड कार्यवाह मंडल कार्यवाह खंड शारीरिक प्रमुख खंड व्यवस्था प्रमुख विशेष रूप से उपस्थित रहे संचलन ग्राम मे भ्रमण करते हुए पुनः जहां से शुरू हुआ वही पहुंचा जहा खंड कार्यवाह का बौद्धिक हुआ संचलन में काफी अच्छी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया।



## मंदसौर में श्रीनाथ ज्वेलर्स पर चोरी का खुलासा : दो शातिर चोर गिरफ्तार



**मंदसौरः** मंदसौर पुलिस ने जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित श्रीनाथ ज्वेलर्स में हुई चोरी का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना ने एक प्रेस-वार्ता में इस घटना का खुलासा किया। श्रीनाथ ज्वेलर्स के मालिक, मुकेश सोनी, ने 17 सितंबर, 2025 को कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 16 और 17 सितंबर की दरमियानी रात उनकी दुकान से चांदी के गहने और नकदी चोरी हो गई थी। इस शिकायत के आधार पर, पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच शुरू की।सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने आरोपियों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद हुसैन (40) निवासी नाहर सैय्यद, मंदसौर और अरफान उर्फ हरफु उर्फ इरफान (35) निवासी मुल्तानपुरा, मंदसौर के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान, इन चोरों ने श्रीनाथ ज्वेलर्स के अलावा चार और चोरियों को अंजाम देना कबूल किया, जो 30 अप्रैल, 12 मार्च, 5 जून और 28 जून, 2025 को आदिनाथ विहार, सम्राट मार्केट, सरकारी अस्पताल परिसर और रामटेकरी में हुई थीं। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है, जिसमें चांदी के गहने, नकदी और अन्य सामान शामिल है। इस सफल कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर और उनकी टीम का विशेष योगदान रहा।

# गुजरात के शिक्षा जगत की गूंज सरहद पार भी गूंजी

## गुजरात शैक्षिक मंच की संगोष्ठी रविवार को दिल्ली में संपन्न हुई

ब्यूरो रिपोर्ट- जयसिंह रघुवंशी




**नई दिल्ली।** गुजरात शैक्षिक सांस्कृतिक मंच हर छह महीने में एक शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन करता है। इस वर्ष यह आयोजन राज्य की सीमा पार कर रविवार, 21 सितंबर को देश की राजधानी दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मंच के संयोजक एवं समन्वयक श्री तखुभाई सांडसूर ने कहा कि हमारी नागरिक शिक्षा की संरचना में ऐतिहासिक अभिलेखों का बहुत महत्व है और आज इनके प्रत्यक्ष रूप से सामने आने से सभी को बहुत कुछ प्राप्त हुआ है। इन्हें हमारी शिक्षा प्रणाली में कैसे शामिल किया जाए, इसमें इस संगोष्ठी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम प्रत्यक्ष बैठकों और ज्ञान संवर्धन में भी अग्रणी रहे। समापन सत्र की अध्यक्षता कर रहे राजनीति के विद्वान और 'राजनीति की पाठशाला' के संस्थापक डॉ. अजय पांडेजी ने कहा कि गुजरात देश की राजनीति में विकास का इंजन रहा है। गांधी से मोदी तक का यह सफर देश के लिए प्रेरणादायी है। एक शिक्षक के रूप में, नागरिक निर्माण में आपकी भूमिका लोकतंत्र के सभी स्तंभों से भी अधिक महत्वपूर्ण है। हम देश में ऐसे अभियानों का स्वागत करते हैं। उन्होंने अपने स्वयं के घटनापूर्ण करियर का भी उल्लेख किया और सभी को प्रेरक बनने की शक्ति प्रदान की। गुजरात शैक्षिक सांस्कृतिक मंच द्वारा आयोजित बच्चों के कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले 41 अभ्यर्थियों को 'बालसाथी' के नाम से सम्मानित किया गया। इन सभी को डॉ. अजय पांडेजी के हाथों यह सम्मान प्रदान किया गया। श्री संजयभाई पटेल, जीतूभाई जोशी, श्यामजीभाई देसाई, भगवत दान गढ़वी, डॉ. प्रदीपसिंह सिंधा, परेशभाई हिरानी, दीप्तिबेन जोशी आदि पूरे कार्यक्रम की योजना बनाने में शामिल थे। जीतूभाई जोशी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। गुजरात और 15 जिलों के शिक्षक उपस्थित थे। दिल्ली गुजराती समुदाय ने पूरी योजना में बहुत सहयोग दिया। पिछले चार वर्षों से चल रहा यह अभियान अब शिक्षा में कार्यात्मक प्रभाव पैदा कर रहा है।

# एडाप्त अन आंगनवाड़ी सक्षम आंगनवाड़ी अभियान के तहत कलेक्टरने किया सगरग्राम की आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**नीमच :** जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में नीमच जिले में बच्चों के सुपोषण और समृद्ध भविष्य के लिए सेवा सेवा पखवाडा के तहत एडाप्ट अन आंगनवाडी, सशक्त आंगनवाडी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला प्रशासन द्वारा आंगनवाडी केंद्रों में बच्चों के पोषण और सर्वांगीण विकास के लिए जनभागीदारी का आव्हान किया गया है। एडाप्ट अन आंगनवाडी सक्षम आंगनवाडी अभियान के तहत मंगलवार को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने नीमच विकासखण्ड के बाछडा बाहुल्य सगरग्राम में संचालित आंगनवाडी केंद्र का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने सगरग्राम में प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया और बच्चों के अध्यापन कार्य का जायजा लिया। उन्होने कक्षा में बच्चों से दीवार पर लिखी गिनती व ए.बी.सी.डी. पढ़वाकर उनके शैक्षणिक स्तर को परखा। कलेक्टर ने शाला में दर्ज बच्चों की संख्या, उपस्थित शिक्षकों की संख्या, मध्यान्ह भोजन वितरण आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने आंगनवाडी केंद्र में दर्ज बच्चों की संख्या, उपस्थित बच्चों संख्या, आंगनवाडी में पोषण माह के तहत आयोजित गतिविधियों, बच्चों, नाश्ता वितरण, आंगनवाडी में पूर्व प्राथमिकता शिक्षा, गतिविधियों का जायजा लिया।




कलेक्टर ने बच्चों से खेल-खेल में शिक्षा गतिविधियों की जानकारी ली। बच्चों ने कविताएं सुनाई, दीवार पर बने चित्रों के नाम बताए और आंगनवाडी में बच्चों को दी गई पाठ्य पुस्तक में उनके दिए जा रहे होमवर्क के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण दौरान आंगनवाडी में 30 बच्चें उपस्थित थे। कलेक्टर ने बच्चों को वितरित किए जा रहे नाश्ते(दलिया) को चखकर नाश्ते की गुणवत्ता को परखा। नाश्ते की गुणवत्ता ठीक पाई जाने पर सराहना करते हुए कहा, कि बच्चों को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण नाश्ता व गर्म पक्का भोजन उपलब्ध कराया जाए।

### कलेक्टर ने किया ग्रामीणों से संवाद

कलेक्टर श्री चंद्रा ने सगरग्राम की शाला परिसर में उपस्थित ग्रामीणजनों से चर्चा कर, पंख अभियान के तहत रोजगार उपलब्ध कराने के कार्यो की जानकारी ली। एक युवक ने बताया, कि उसे पंख अभियान के तहत किराना व्यवसाय के लिए ऋण उपलब्ध कराया गया है, जिससे वह किराना दुकान संचालित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हुआ है। कलेक्टर ने ग्रामीणों से पूछा कि रोजगार के साधन उपलब्ध कराने के लिए और क्या किया जा सकता है। इस पर ग्रामीणों ने पशुपालन, बकरी पालन, गांव में सिलाई प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा में पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं के टीकाकरण व नस्ल सुधार के लिए कृत्रिम गर्भाधान, सेक्स सार्टेड सीमन के उपयोग की जानकारी ली। ग्रामीणों ने अवगत कराया, कि आवश्यकतानुसार नस्ल सुधार के लिए पशुपालन विभाग द्वारा गांव में आकर कृत्रिम गर्भाधान निःशुल्क किया जा रहा है। कलेक्टर ने ग्रामीणों को जागरूक होकर शासन की स्वरोजगारमूलक योजनाओं का लाभ उठाने की समझाईश दी।

नीमच हेडलाइन्स



# नवरात्रि का महत्व – नौ दिव्य रातें

रात्रि शब्द का अर्थ है, वह जो हमें तीनों प्रकार की ताप से राहत या गहरा विश्राम देती है। ताप का अर्थ है तीन प्रकार की ज्वाला/अग्नि या तीन परेशानियाँ- स्थूल, सूक्ष्म और करणीय। तीन प्रकार की परेशानियाँ हैं : आदि भौतिक – सांसारिक परेशानियाँ, आदि दैविक – लौकिक देवदूतों अथवा देवताओं के स्तर की परेशानियाँ और तीसरी आत्मा के स्तर की परेशानियाँ। नवरात्रि का समय गहन विश्राम का समय होता है, जो हमें इन तीनों परेशानियों से मुक्त कर सकता है, इसलिए यह समय प्रार्थना और पुनः ऊर्जावान बनने का समय होता है। नवरात्रि में आपका मन दैवीय चेतना में डूबा होना चाहिए। एक शिशु को भी जन्म लेने में नौ महीने का समय लग जाता है। उसी प्रकार यह नौ दिन भी वैसे हैं, जैसे हम माँ के गर्भ से पुनः बाहर आ रहे हों, एक नए जन्म का समय। इन नौ दिन और रातों में हमें अपने भीतर जाकर अपने मूल का स्मरण करना चाहिए। स्वयं से यह प्रश्न करो, "मेरा जन्म कैसे हुआ?", "मेरा मूल स्रोत क्या है?" आपको अपनी चेतना पर चिंतन करना चाहिए और इन नौ दिनों को नौ महीनों की भांति देखना चाहिए। नवरात्रि के प्रथम तीन दिन तमोगुण या जड़ता को, अगले तीन दिन रजोगुण या बेचैनी और कार्यशीलता को और अंतिम तीन दिन सतोगुण या पवित्रता और उच्च स्तरीय प्राण शक्ति को समर्पित होते हैं। हमारे भीतर तीनों गुण होते हैं : सत्व, रजस और तमस। और इन तीनों गुणों पर विजय पाने अर्थात् केंद्रित रह कर जीवन का उत्सव मनाने के प्रतीक – अंतिम दिन को विजयदशमी कहते हैं।

## गहरा विश्राम करने का समयः अपने स्रोत की ओर जाना

इन नौ दिनों के उत्सव का उद्देश्य व्यक्ति को उसके अंतःकरण में ले जाना और उसकी चेतना को ऊपर उठाना है – यह आंतरिक और उपरगामी यात्रा है। इन नौ पवित्र दिनों में ध्यान रखें कि छोटी छोटी बातें आपको अपने लक्ष्य से विमुख न करें। हमारा मन इतना कपटी है कि यह हमें हमारे लक्ष्य से हटा कर छोटी छोटी बातों में उलझा देता है। हमारे आसपास किसी के छींकने से या खर्राटे लेने भर से यह हमें मार्ग से भटका सकता है। और जब हम सजग रहकर यह जान लेते हैं कि हमारा मन नकारात्मकता के दुष्चक्र में जा रहा है, तो हम सजग हो जाते हैं। तब हम इधर उधर भटकते अपने छोटे मन को वश में कर सकते हैं। इसलिए यह नौ रातें हमारे लिए विश्राम का समय हैं। यदि कोई द्वंद्व उत्पन्न होता भी है तो उन सब को एक ओर रखकर अपने भोलेभाले मूल स्वभाव में वापस आ जाओ।नवरात्रि के अनुभव को गहरा बनाना

इन दस दिनों में हम ध्यान करते हैं और स्वयं के संग रहते हैं। नवरात्रि का उत्सव मनाने का सर्वोत्तम तरीका है, उपवास रखना, प्रार्थना करना और अंत में उत्सव तथा भोज। परंतु मैं यह परामर्श नहीं देता कि प्रत्येक व्यक्ति भोजन के बिना रह कर उपवास करे। आप सीमित मात्रा में भोजन ले सकते हैं, फल खा सकते हैं और कम खा सकते हैं। मान लीजिए, यदि आप एक सम्पूर्ण आहार ले रहे हैं, तो उसकी मात्रा आधी या एक चौथाई कर सकते हैं। हम प्रायः दिन भर कुछ न कुछ अल्पाहार या स्नैक्स खाते ही रहते हैं। इससे बचना होगा। और किसी भी इन्द्रिय गतिविधि में अति न करें, अपनी पाँचों इन्द्रियों को गहरा विश्राम दें। प्रायः सुबह उठते ही हम अपना रेडियो सेट या आईपॉड चालू कर देते हैं, यहाँ तक कि अगर हम दौड़ भी रहे हैं, तो कुछ न कुछ सुन रहे होते हैं; इससे मन पर निरंतर ध्वनियों का आक्रमण होता ही रहता है। नवरात्रि के समय में हमें अपने मन और शरीर को इन्द्रियों को उत्तेजित करने वाले बाह्य उत्प्रेरकों की बौछारों से बचाना चाहिए। आर्ट ऑफ लिविंग अन्तर्राष्ट्रीय केंद्र बेंगुलूरु में मंत्रोच्चार किया जाता है। और अंतिम दिन, जब यज्ञ आयोजित किए जाते हैं (आप इन्हें ऑनलाइन या ऑफलाइन देख सकते हैं), तब आप आराम से बैठकर मंत्रोच्चार की दिव्य तरंगों में स्नान कर सकते हैं। इसे मन्त्रस्नान कहा गया है अर्थात् मंत्रों की मधुर ध्वनियों में स्नान!

## नव दुर्गाः दुर्गा के नौ रूपों का महत्व

### पहला दिन – शैलपुत्रीः दुर्गा का प्रथम रूप

शैलपुत्री का उदय शैल से हुआ है, जिसका अर्थ होता है, वह जो अद्वितीय है, वह जो शैलपुत्री के चरम शिखर के अनुभव से उत्पन्न हो।

### दूसरा दिन – ब्रह्मचारिणीः द्वितीय रूप

ब्रह्म का अर्थ है, अनंत और ब्रह्मचारिणी वह है, जो अनंतता में विचरण करती है। इसका एक अन्य अर्थ है देवी माँ का कुंवारा पक्ष – यह ऊर्जा पवित्र, अक्षत है, जो सूर्य की रश्मियों की भाँति, वैसे तो प्राचीन है किंतु हर पल निर्मल और नूतन भी है। दुर्गा के द्वितीय रूप में यह नयापन दर्शाया गया है।

### तीसरा दिन – चन्द्रघंटाः तृतीय रूप

चन्द्रघंटा का अर्थ है, चन्द्र, चाँद या वह जिसका संबंध मन से हो, वह जो मन को आनंदित करता है, वह जो सौन्दर्य का साकार रूप है। जहाँ कहीं भी आपको कुछ भी सुंदर दिखता या लगता है तो वह देवी माँ की ऊर्जा के कारण ही है।

### चौथा दिन – कूष्मांडः चतुर्थ रूप

कूष्मांड का अर्थ है ऊर्जा का गोला, प्राण शक्ति। जब भी आप प्रचण्ड ऊर्जा या प्राण शक्ति अनुभव करते हो, तो जान लो कि यह देवी माँ, दुर्गा का ही एक रूप है।

### पाँचवा दिन – स्कंदमाताः पंचम रूप

स्कंदमाता, माँ जैसी ऊर्जा है, वह आपकी अपनी माँ जैसी है। स्कंदमाता अर्थात् ज्ञान के सभी छः दर्शन शास्त्रों – न्याय, वैशेषिक, सांख्य, योग, वेदान्त और उत्तर मीमांसा; वेदों के छः अँग या शाखाएं या षड् दर्शन। ज्योतिष शास्त्र, संगीत, छन्द स्वरविज्ञान और बहुत से अन्य दर्शनशास्त्र, कला और विज्ञान, ज्ञान, के 64 विभिन्न विषय ये सब इसमें सम्मिलित हैं। स्कंदमाता इस सब ज्ञान की माँ हैं।

### छठा दिन – कात्यायनीः छठा रूप

कात्यायनी, देवी का वह रूप है, जो चेतना के साक्षी पक्ष से उदय होती है; वह चेतना जिसमें अंतर्ज्ञान की योग्यता है।

### सातवाँ दिन – कालरात्रिः सप्तम् रूप

कालरात्रि घोर, घुप्प अँधेरी ऊर्जा है, वह गहरा स्याह पदार्थ जिसमें अनंत ब्रह्मांड समाया हुआ है, और जो प्रत्येक जीवात्मा को शांति देने वाला है। यदि आप प्रसन्न और सुखी महसूस करते हैं, तो यह रात्रि के आशीर्वाद के कारण ही है। कालरात्रि, देवी माँ का वह रूप है जो इस ब्रह्मांड से भी परे है और वह प्रत्येक हृदय और आत्मा को ढाढ़स बंधाता है।

### आठवाँ दिन – महागौरीः अष्टम रूप

महागौरी, देवी का वह रूप है, जो अति सुंदर है, जो जीवन को गति और परम मुक्ति देती है। यह आपको परम मुक्ति देने वाली है।

### नौवाँ दिन – सिद्धिदात्रीः नवम् रूप

सिद्धिदात्री जीवन में पूर्णता और सिद्धियाँ लाती है। देवी माँ का आशीर्वाद जीवन में अनेक चमत्कार लाता है। हमारे लिए जो असंभव दिखता है, माँ उसको संभव करती है। और अंतिम दिन अर्थात् दसवें दिन विजयदशमी होती है – नवरात्रि का समापन उत्सव से होता है और आप स्वयं को भावनात्मक, आध्यात्मिक तथा बौद्धिक स्तर पर ऊर्जावान अनुभव करते हैं।

## सांप को पकड़ने की कोशिश में गई आरक्षक की जान....



इंदौर जिले में फर्स्ट बटालियन में पदस्थ्य एक आरक्षक की कोबरा सांप के डसने से उसकी मृत्यु होने की घटना सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आरक्षक बीते शनिवार को अस्तबल में सांप पकड़ने गया था, तभी सांप ने उसे हाथ में डंस लिया। इसके बाद आरक्षक की हालत बिगड़ने लगी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान आरक्षक की मृत्यु हो गई। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक(ए.डी.जी.), विशेष सशस्त्र बल, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

# इस बार दस दिनों तक गूंजेंगे माता रानी के जयकारे, मंदिरों में दर्शन को उमड़े श्रृद्धालु

ब्यूरो रिपोर्ट- भगत मांगरिया

**चीताखेड़ा।** शारदीय नवरात्र उत्सव की शुरुआत बड़े ही धार्मिक उल्लास में प्रथम दिवस सोमवार को घट स्थापना के साथ दस दिवसीय नवरात्री उत्सव के शुभारंभ के साथ खनकने लगी डांडियों की खनक। अंचल भर में माता के मंदिरों सहित गांव -गांव घर- घर चौक - चौराहों पर बने पंडालों में माता नवदुर्गा की स्थापना की जाकर विधि-विधान से पूजा अर्चना प्रारंभ हो चुकी है। वहीं माता के मंदिरों में भी विशेष रूप से साज-सज्जा के साथ रंग-रोगन किया जाकर लाईटिंग व साउंड के साथ माता रानी के भजनों के कर्णप्रिय भजन श्रद्धालुओं को आल्हादीत कर रहे हैं।



सोमवार से दस दिवसीय नवरात्री उत्सव की शुरुआत हो गई। पहले दिन भक्तों द्वारा पंडालों में घट स्थापना व मूर्ति स्थापना कर पूजन आरती व हवन के आयोजन किए गए। भक्त ढ़ोल ढमाकों की थाप व गुलाल के रंग में सराबोर थे। सोमवार पूरा दिन माता रानी के जयकारों से गूंजता रहा और मां की भक्ति भरा रहा। माता के मंदिरों में पहले ही दिन दर्शन करने वाले भक्तों की भारी भीड़ नजर आई। भक्ति व शक्ति के आगे हर शीश नतमस्तक नजर आया। विगत कई वर्षों से काराबावजी चौक पर सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा धूमधाम से माता रानी की प्रतिमा की स्थापना करते रहे आ रहे हैं। समिति के सदस्य रजनीश दक, नागेश्वर जावरिया, सुनिल शर्मा, प्रभु लाल बसेर, शेलेन्द्र कुमार सगरावत सहित माता बहनों ने उपस्थित रहकर पूजा अर्चना की। यहां नवरात्रि में किये जाने वाले गरबा अंचल भर में काफी चर्चित होकर धर्मालुओं, माता, बहनों के लिए आनंददायक वातावरण निर्मित करता है।

### आवरी माता जी के दरबार में हजारों श्रृद्धालुओं लगा रहे हैं हाजरी :-

नवरात्रि उत्सव पर क्षेत्र भर के माता मंदिरों में भक्तों का दर्शनार्थ तांता लगने लगा है , आरोग्य देवी महामाया आवरी माता जी,जय अम्बे,सीतला माता, वैष्णो देवी मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब अपनी मनोवांछित कामना लेकर हाजरी लगा रहे हैं और जयकारों के साथ ही माता रानी को शीश नमन कर रहे हैं।

## मारूति अल्टो कार से अवैध मादक पदार्थ 45 किलोग्राम डोडाचूरा जप्त कर, दो आरोपी को किया गिरफ्तार.....सिंगोली पुलिस की कार्यवाही

**सिंगोली** - श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन में तथा श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसोदिया एवं श्रीमान एसडीओपी रोहित राठोर जावद के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुध्द प्रभावी कार्यवाही करते हुये सिंगोली थाना प्रभारी निरीक्षक श्री भुरालाल भाबर के नेतृत्व में पुलिस टीम सिंगोली द्वारा आरोपियो ओमप्रकाश धाकड व इमरान मंसूरी के कब्जे से एक मारूति अल्टो कार क्रमांक आरजे06स1076 से 45 किलोग्राम अवेध मादक पदार्थ डोडाचुरा जप्त कर आरोपियो 1. ओमप्रकाश पिता देवीलाल धाकड उम्र 29 साल निवासी ग्राम ठुकराई थाना बेगू जिला चित्तौडगढ 2. इमरान पिता शरीफ मंसूरी उम्र 22 साल निवासी ठुकराई थाना बेंगू जिला चित्तौडगढ को किया गिरफ्तार। दिनांक 21.09.2025 को अवैध मादक पदार्थ की धरपकड व नाकाबंदी हेतु लगाई गई पुलिस टीम के द्वारा संदिग्ध वाहनो की चेंकिग करते ग्राम कछाला तरफ से करीब 20.45 बजे एक काले रंग की मारूति अल्टो कार नाकाबंदी के पास आकर रूक गई जिसमे दो व्यक्ति आगे सीट पर बेठे दिखाई दिये उक्त कार के चालक ने पुलिस की चेकिंग व नाकाबंदी को देखकर घबराकर अपनी कार को पलटाने का प्रयास करने लगा शंका होने पर शासकीय वाहन व फोर्स, पंचान की मदद से कार को घेराबंदी कर आरोपियो ओमप्रकाश धाकड व इमरान मंसूरी के कब्जे से एक मारूति अल्टो कार क्रमांक आरजे06स1076 से काले रंग के 02 प्लास्टिक के कटटो मे भरा 45 किलोग्राम अवेध मादक पदार्थ डोडाचुरा जप्त कर आरोपियों 1. ओमप्रकाश पिता देवीलाल धाकड उम्र 29 साल निवासी ग्राम ठुकराई थाना बेगू जिला चित्तौडगढ 2. इमरान पिंता शरीफ मंसूरी उम्र 22 साल निवासी ठुकराई थाना बेंगू जिला चित्तौडगढ को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो से जप्तशुदा अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा के स्त्रोतो के संबंध मे पुछताछ कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।**जप्त संपत्ती-** 01. काले रंग के 02 प्लास्टिक के कटटो मे भरा 45 किलोग्राम अवेध मादक पदार्थ डोडाचूरा किमती 4,50,000 रूपये 02. एक मारूति अल्टो कार क्रमांक रजो6स1076 करीब 2,00,000 रू 03. एक मोटोरोला कंपनी का एन्ड्राईड मोबाईल तथा एक विवो कंपनी का एन्ड्राईड मोबाइल फोन की कीमत 25,000 रुपये सराहनीय कार्य उक्त कार्य मे थाना प्रभारी श्री भुरालाल भाबर व उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।



## सौंधिया राजपूत समाज की शहर में निकली आक्रोश रैली
## सेकड़ो वाहनों के काफिले ने पहुचकर सौपा ज्ञापन

**नीमच।** शहर में अखिल भारतीय सौंधिया राजपूत महासभा के बैनर तले राजपूत समाज द्वारा मंगलवार को बड़ी संख्या में जिलेभर से एकत्रित होकर वाहन रैली निकालते हुए नारेबाजी के साथ कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा। सौंधिया राजपूत समाज के नेतृत्वकर्ता जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जनसिंह चौहान के मार्गदर्शन में समाजजनों ने विरोध प्रदर्शन किया। आपको बता दे कि बीते दिनों पिपलिया नाथावत के स्कूली बच्चें राजवीर सिंह पिता स्व. शेरसिंह तँवर के साथ ग्राम रेवली देवली में हुई मारपीट और पिपलिया नाथावत में कुछ गुर्जर समाज के युवकों द्वारा सौंधिया राजपूत एवं राजपूत समाज के लिए अभद्र टिप्पणी की गई। यह अभद्र टिप्पणी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रॉयल वीर व अजय नामक आईडी से की गई। जिन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर समाजजनो ने शक्ति प्रदर्शन किया। ज्ञापन सौंपने से पूर्व सभी समाजजन दशहरा मैदान में बड़ी संख्या में एकत्रित होकर वाहन रैली व पैदल रैली के रूप में शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए दशहरा मैदान से शुरू होकर विजय टॉकीज चौराहा, कमल चौक, फव्वारा चौक होते हुए शिवाजी सर्कल पहुंचे जहां सौंधिया राजपूत समाज की शान स्व. खुमान सिंह जी शिवाजी के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिसके बाद शिवाजी सर्कल पर कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के नाम एसडीएम संजीव साहू को ज्ञापन सौपा गया। वही आरोपियों पर अविलंब और कठोरतम कार्रवाई की मांग की गई।






## कलेक्टर ने की जनसुनवाई -82 आवेदकों की सुनी

**नीमच** कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में मंगलवार को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने की जनसुनवाई 82 आवेदकों की सुनी समस्याएं और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस. कलेश, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में पिपलिया हाडा के सुरेशचंद्र, चल्दु के राजेन्द्र सिह, धामनिया के कारूलाल, चम्पी के बद्रीलाल, बामनबर्डी की ममता, कंजार्डा के बिहारीलाल, नीमच केंट के महेश कुमार, ढाकनी के राधाकिशन, जयसिंगपुरा के नानूराम, रामपुरा के मोहम्मद युनुस, बिसलवास सोनीगरा के बलवंतसिह, रतनगढ के गणेशलालने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।इसी तरह नीमच के रमेश मेहरा, दुरगपुरा के योगेश्वर राव, कुकडेश्वर के धीरज गिर, गिरदौडा के भरत, देंथल के रामनिवास, रेवली देवली के श्रीलाल, पिपलियाघोटा की ललीता, चडोली के जगदीश, रतनगढ के सुनिल, अम्बेडकर कॉलोनी नीमच की कृष्णा, ग्वालटोली की सुरेखा देवी, खेरमालिया के कालुसिह, सिंगोली के कैलाशचंद्र, नीमच के विवेक शर्मा, सिंगोली के मांगीलाल, नीमच केंट की रीना चौहान, धनेरिया कलां के कालूदास बैरागी, पिपल्या रावजी की पूजा टेलर, धनेरिया कलां के अनिल राठौर ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।




## बकाया वेतन एवं एरियर सहित विभिन्न मांगों को लेकर रतनगढ़ में फिर शुरू हुई सफाई कर्मचारियों की काम बंद हड़ताल

### क्या रक्षाबंधन की तरह इन कर्मचारियों के दशहरा एवं दीपावली भी निराशा मे ही मनेगी

ब्यूरो रिपोर्ट- निर्मल मून्दड़ा



**रतनगढ़।** वर्तमान में नवरात्रि दशहरा सहित अन्य त्योहारों का समय चल रहा है। ऐसे समय में रतनगढ़ नगर परिषद के स्वच्छता कर्मियों ने फिर से काम बंद हड़ताल शुरू कर दी है। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि दिनांक 26 अगस्त 2025 को नगर परिषद रतनगढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक आवेदन के माध्यम से ज्ञापन दिया था। एवं मांग की गई थी कि हमारा पिछले दो माह का बकाया वेतन एक साथ दिया जाए।साथ ही यह भी मांग की गई थी। कि समस्त दैनिक वेतन भोगियों एवं स्थाई अस्थाई कर्मचारियों का एरियर (डीए) दो-तीन या पांच प्रतिशत जो भी है।वह भी हमें बकाया वेतन के साथ ही एक साथ दिया जाए। लेकिन रक्षाबंधन से लेकर नवरात्रि चल रही है। एवं आगामी दिनों में दशहरा, दीपावली पर्व भी आने वाले है। ऐसे समय में जब त्योहारों के दिन चल रहे हैं। लेकिन नगर परिषद के जिम्मेदारों के द्वारा हमारे तीन-चार माह का बकाया वेतन एवं एरियर के बारे में कहीं से कहीं तक कोई सुगबुगाहट तक नहीं है।हमारी समस्या की तरफ जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है।ऐसे समय में हमारी कोई भी मांग आज तक पूरी नहीं होने के कारण मजबूरन हम सभी सफाई कर्मचारी आज दिनांक 23 सितंबर से वापस संपूर्ण नगर का सफाई कार्य बंद कर नगर परिषद कार्यालय में उपस्थित रहकर हमारी जायज मांगों को पूरी करने के लिए धरना देंगे।अब देखना यह है कि आखिर नगर परिषद के स्थाई एवं अस्थाई सफाई कर्मचारीयो एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के वेतन एवं एरियर का भुगतान हो पाता है।या रक्षाबंधन की तरह इन्हें अपने आगामी दशहरा एवं दीपावली पर्व जैसे बड़े त्यौहार भी यूं ही बिना वेतन के मनाने पड़ेंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अविनाश जाजपुरा के द्वारा यश प्रिंटिंग प्रेस स्कीम नम्बर 36 ए कलेक्टर कार्यालय के सामने मुद्रित एवं कास्मो स्कूल के पास इन्दिरा नगर नीमच से प्रकाशित - सम्पर्क 9893796737 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र नीमच रहेगा ।)